वर्ष-15, अंक-43
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया


**आज का विचार**
ज़िंदगी वही है जो हम अभी जी रहे हैं,कल जो जिएंगे उसे उम्मीद कहते हैं।

# बिहार सिटी चीफ




सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, मंगलवार, 21 मई 2024


## बिहार, वैशाली के गोरौल में NDA और UPA प्रत्याशियों की दो अलग अलग स्थान पर जनसभा आयोजित

### NDA प्रत्यासी वीणा देवी के पक्ष में वोट मांगने पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार




**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** वैशाली, बिहार और वर्तमान में किये गए कार्य से बढ़ रहा बिहार की तुलनात्मक चर्चा, गोरौल में nda और upa प्रत्याशियों को ले दो अलग अलग स्थान पर जनसभा आयोजित की गयी। पहली एक सभा गोरौल के प्रेमराज उच्य विद्यालय के प्रांगण में आयोजित की गयी। जिसमे nda प्रत्यासी वीणा देवी के पक्ष में वोट मांगने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुचे। हलाकि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम समय से थोड़ा पहले ही हैलीकाप्टर सभा स्थल पर पहुच गया। तेज गर्मी व धूप के बाबजूद बड़ी संख्या में मतदाता के साथ मुख्यमंत्री को सुनने महिला पुरुष पहुचे। मुख्यमंत्री के अलाबे मंत्री बिजय चौधरी भी थे। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने 2006 से पहले का बिहार और बर्तमान में किये गए कार्य से बढ़ रहा बिहार की तुलनात्मक चर्चा की।गोरौल,पटेढ़ी बेलसर,वैशाली में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन सहित कई क्षेत्रों में किये गए विकास को लोगो के बीच रखा। साथ ही अपने कार्यो को दूसरे द्वारा गुणगान को ले आरो हाथो लेते हुए लोगो को सचेत होने की अपील की।लोगो के समझ वैशाली लोकसभा के लोजपा उम्मीदवार वीणा देवी को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री प्रेमराज की सभा में पुनः 4000 पार की बात कह गए हलाकि तुरन्त सचेत होते ही लोगो के बीच 400 पार की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरौल प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष उमेश सिंह उर्फ भगवान सिंह ने की,जबकि मंच संचालन जदयू नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम में पहुचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और मंत्री बिजय चौधरी का स्वागत ,वैशाली विधायक सिद्धार्थ पटेल,जदयू नेता सत्य नारायण सिंह,पंकज पटेल, जदयू ज़िला अध्यक्ष सुभाष चन्द्र सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र कुशवाहा,भाजपा लोकसभा संयोजक अभिषेक राज उर्फ राजा भैया , लोजपा नेता ब्रजदेव पासवान,संतोष पासवान,जदयू नेता त्रिविक्रम प्रसाद सिंह, बंगाली सिंह,शभु सिंह,दीपक कुमार सिंह,प्रेम कुमार निषाद,प्रो वेद प्रकाश,सुनील सुमन,रंजीत प्रसाद सिंह सहित दर्जनों नेता ने बुके व माला देकर स्वागत किया। जबकि जदयू गोरौल के कार्यकर्ताओं ने दो क्विंटल का माला से स्वागत किया। दूसरी और गोरौल के ही सोन्धो हाई स्कुल के मैदान में राजद प्रत्यासी विजय कुमार शुक्ला के पक्ष में वोट देने की अपील को नेता प्रतिपक्ष व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व vip सुप्रीमो मुकेश सहनी गोधली बेला में पहुचे। जहा मुकेश सहनी ने इशारो इशारो में कह गए कि मुझे मोदी से कोई परहेज नही बल्कि अपनी ताकत को उनतक पहचाना जरूरी है। उन्होंने उलट पलट की पटना की राजनीति को आरो हाथो लिया। जबकि पूर्ब उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने काफी सधी अंदाज में nda को आरो हाथो लिया। एक शिक्षक व एक छात्र को समझाने के अंदाज में कहा कि तवियत खराब होने व डॉक्टर के द्वारा बेड रेस्ट की सलाह के बाबजूद अबतक लगभग 185 सभा कर चुके है। उन्होंने कहा कि मेरा दर्द आप जैसे बेरोजगार के सामने कुछ नही है।किसान, छात्र की समस्या के आगे कुछ नही है। 4जून को आप सभी जनता के सहयोग से पहले मोदी को सत्ता से रेस्ट दिला दूंगा तब बेड रेस्ट करूँगा।हलाकि पूर्ब उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र में ईडी गठबंधन के सरकार बनते ही एक करोड़ लोगों को नौकरी दूंगा सहित कई वादे भी किये।अंत मे स्कूल प्रांगण के मैदान में भरे लोगो की सहमति से राजद प्रत्यासी विजय कुमार शुक्ला को विजय श्री का माला पहनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष वैधनाथ चन्द्रवँशी, संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष अजय राय ने किया। कार्यक्रम को राजद विधायक शौरभ ,पूर्ब एम एल सी सुबोध राय, राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन, राजद नेत्री उर्मिला ठाकुर, सुचित्रा चौधरी, गोरौल प्रमुख मुन्ना राय, राजद नेता महेश राय ,संतोष यादव, उमेश राय, रामनिवास सिंह सहित कई स्थानीय नेताओ ने सम्बोधन कर राजद को वोट देने की अपील की।

## बिहार में बारिश का दौर फिर से शुरू

### अगले चार दिनों के लिए अलर्ट जारी



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** बिहार, प्रदेश में धीरे-धीरे मॉनसून प्रवेश कर रहा है। मौसम विभाग की तरफ से आज से 24 मई तक के लिए बारिश का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश का तापमान भी 45 डिग्री पहुंच चुका है। ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिल रही है। विभाग ने प्रदेश में 20 मई को बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिससे लोकसभा के पांचवे चरण के मतदान के लिए घरों से निकलने में लोगों को आसानी हो रही है।20 मई को मधुबनी जिले में बारिश भी दर्ज की गई। वहीं आज के लिए पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सुपौल, सीतामढ़ी, अररिया, मधुबनी, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार समेत 14 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं सारण, मुंगेर, भागलपुर, बांका, खगड़िया, भोजपुर, बक्सर, भभुआ, रोहतास, अरवल, औरंगाबाद और जमुई में हॉट डे की स्थिति बनी रहेगी।

**छपरा में बूथ कैप्चरिंग का आरोप**

## बीजेपी प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी ने चुनाव आयोग से की शिकायत



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** छपरा, सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बूथ कैप्चरिंग का गंभीर आरोप लगाया है.अमनौर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 12, 13 ,14 को लेकर निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत में उन्होंने सारण विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ बूथ कैप्चरिंग जैसे आरोप लगाए हैं. इसके बाद प्रशासन की ओर से मामले की जांच शुरू की है.राजीव प्रताप रूडी ने राष्ट्रीय जनता दल पर जमकर निशाना साधा और कहा कि अपनी हार से ये लोग घबरा गए हैं और वह लगातार इस तरह की हरकतें कर रही है. अब तो वह सभी को डरा धमकाकर यह काम कर रही है. उन्होंने कहा कि वह लोग (आरजेडी) खिलते हुए कमल के प्रभाव से काफी हतोत्साहित हैं और जो मामला हाईकोर्ट में गया है उसके बाद तो उनकी स्थिति और भी खराब हो गई है. इसलिए वे लोग लगातार इस तरह की हरकत कर रहे हैं ताकि अपनी मनोभावना को छुपाया सके.



**श्रीमद भागवत सप्ताह के चौथे दिन**

## श्री कृष्ण जन्म का किया गया सुंदर चित्रण

*चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ बिहार, आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह के चौथे दिवस के दौरान श्री कृष्ण जन्म का सुंदर चित्रण महाराज श्री द्वारा सभी श्रद्धालुओं के समक्ष करवाया गया। जिसमे वृंदावन से पधारे महाराज बलदेव द्वारा सुंदर झाकियां प्रस्तुत की गई। भजनों का लुप्त उठाते हुए श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से बनाया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान कही सुंदर झाकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।कथा समापन के अंतिम समय प्रसाद और श्री कृष्ण जन्मोत्सव की मिठाई वितरित की गई।*

## शिवहर में डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

### पदाधिकारी को दिए गए सभी जरूरी निर्देश



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** शिवहर, शिवहर संसदीय क्षेत्र के माननीय सामान्य प्रेक्षक कैलाश बाबूराव शिंदे के द्वारा चिरैया में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया और वहां उपस्थित पदाधिकारी को सभी जरूरी निर्देश दिए गए। यहां से निकलकर प्रेक्षक महोदय ने एक ही भवन में चार या चार से अधिक स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिरैया के सहायक निर्वाची पदाधिकारी को मतदान केंद्रों पर साफ सफाई सहित रैंप की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। घोड़ासहन में भी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। यहां पर सभी मतदान केंद्र मानक के अनुरूप पाए गए।

**नगर सभापति राजन नन्दन सिंह के भोज में शामिल होने पहुंचे पूर्व जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह**

## अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि यह मेरा नीजी सम्बन्ध है



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** शिवहर, शिवहर जनता दल यू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह नगर परिषद के सभापति राजन नन्दन सिंह के घर एक भोज में शामिल होने पहुंचे। जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि यह मेरा नीजी सम्बन्ध है। सभापति राजन नन्दन सिंह एवं उनके बड़े भाई राज लक्ष्मी ग्रुप सेवा संस्थान के निदेशक देवव्रत नंदन सिंह उर्फ सोनू बाबू से मेरा पारिवारिक लगाव है। इसीलिए चुनावी दौरे के बीच में उनके घर पहुंचे हैं। ललन सिंह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जदयू ने सभापति से उनके पैतृक आवास पर मिलकर प्रेस वार्ता के दौरान कहां है कि सभापति का परिवार से मेरा गहरा संबंध है। उन्होंने शिवहर नगर परिषद क्षेत्र के बारे में आवश्यक जानकारी ली। लगे हाथ नगर सभापति राजन नन्दन सिंह ने शिवहर नगर परिषद क्षेत्र के विकास के बारे में एक विशेष चर्चा करते हुए कहा है कि शिवहर नगर परिषद विकास की ओर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा 13 दिसंबर 2023 को न्यू बस स्टैंड के लिए 3 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से बस स्टैंड बनाई जा रही है तथा शहर के जल जमाव निकासी के लिए स्ट्रार्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम के तहत 60 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से काम कराई जा रही है।

सभापति श्री सिंह ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जदयू के ललन सिंह को अवगत कराते हुए कहा है कि यह दोनों कार्य प्रगति पर है। जिससे शहर की कई समस्याओं का निदान हो जाएगा। नगर परिषद से संबंधित समस्याओं और मांगों को लेकर चुनाव बाद समय की मांग की गई। दोनों नेताओं ने नगर परिषद शिवहर के विकास तथा 18वीं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर होने वाले छठे चरण के चुनाव पर भी चर्चा की है। मौके पर पूर्व विधायक मोहम्मद सरफुद्दीन, पूर्व मुखिया दिग्विजय सिंह, सुमित कुमार वर्मा उर्फ दीपू जी , मुखिया समीर सौरभ आदि मौजूद रहे। मौके पर नगर परिषद के सभी वार्ड पार्षद, सत्यनारायण सिंह, बलराम सिंह,राजू सिंह,दानिश,अवध राय,प्रमोद राय,मुरारी ठाकुर,बिजली सिंह, राधेश्याम सिंह अन्य मौजूद रहे।

## मुजफ्फरपुर लोकसभा चुनाव में योगदान नहीं करने वाले 144 प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों से हुआ स्पष्टीकरण

**असंतोषजनक जवाब पाये जाने पर आर पी एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई का सख्त आदेश**



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर लोकसभा चुनाव 2024 के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु लंगट सिंह कॉलेज मुजफ्फरपुर में स्थापित डिस्पैच सेंटर पर 18 मई को पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू, पी थ्री को योगदान करने का निर्देश दिया गया था किंतु 144 कर्मी अपने कर्तव्य से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे । उनसे पूछे गये स्पष्टीकरण में उनके इस कृत्य को अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं कर्तव्यहीनता माना गया है। फलतः इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने चुनाव में योगदान नहीं करने वाले कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की है। जिन कर्मियों का जवाब असंतोषजनक रहेगा वैसे कर्मियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करने का आदेश जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी को दिया गया है।

**योगदान नहीं करनेवाले कर्मियों की विधानसभावार स्थिति:** मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 8 पीठासीन पदाधिकारी, तीन P1, तीन P 2, 7 P3 योगदान नहीं किये। कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 6 पीठासीन पदाधिकारी, तीन P1 , पांच P2 , सात P3 योगदान नहीं किये। सकरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 13 पीठासीन ऑफिसर , चार P1 , सात P2 , चार P3 योगदान नहीं किया। औराई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 12 पीठासीन पदाधिकारी, 8 P1, छः P2, 4 P3 योगदान नहीं किये। गायघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 14 पीठासीन पदाधिकारी, तीन पी वन, सात पी टू, पांच पी श्री योगदान नहीं किये। बोचहा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 9 पीठासीन पदाधिकारी, 2 पीवन, चार P3 योगदान नहीं किया।